कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय धार (म.प्र.)

दूरभाष क.–07292-299115 E-mail ID – dlsadhar@gmail.com

क्रमांक /जि.वि.से.प्रा./वाहन चालक/168 /2026 धार दिनांक 18.04.2026

प्रति

माननीय प्रभारी अधिकारी महोदय,
कम्प्यूटर अनुभाग जिला न्यायालय–धार (म.प्र.)

विषय :– राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर एक वाहन चालक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार अंतर्गत दिनांक 18.04.2026 से 30.04.2026 को सायं 05:30 बजे तक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर एक वाहन चालक की नियुक्ति हेतु आवेदन फार्म आहूत किये जा रहे है।

अतः उपरोक्तानुसार पद के संबंध में भर्ती हेतु सार्वजनिक सूचना एवं आवेदन का प्रारूप का प्रदर्शन माननीय जिला न्यायालय धार की वेबसाईट पर करवाये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कष्ट करें।

संलग्न :– सार्वजनिक सूचना एवं आवेदन का प्रारूप

18/4/26

(प्रदीप सोनी)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–धार (म.प्र.)

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय धार (म.प्र.)

दूरभाष क.–07292-299115 E-mail ID – dlsadhar@gmail.com

क्रमांक/वाहन चालक/जि.वि.से.प्रा./ 166 /2026 धार दिनांक 18–04–2026

//सार्वजनिक–सूचना//

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर क्रमांक के पत्र क्र. 126 दिनांक 09.04.2026 में प्रदत्त दिशानिर्देशो, सी–श्रेणी के जिले के लिए उल्लेखित मानदेय पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 के नियम 6(2) एवं अन्य सुसंगत नियमो के अन्तर्गत निर्धारित योग्यता एवं शर्तो के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार के बहुउपयोगी वाहन चालक के निम्नानुसार संविदा पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.	पदनाम	पदों की संख्या	मासिक मानदेय (रूपये में)
1	वाहन चालक	01	12,000/–

उक्त संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात एक वर्ष के लिए बढाया जा सकेगा।

इच्छुक अर्ह आवेदक/अभ्यर्थी उक्त सारणी में उल्लेखित अनुसार संविदा आधार पर पदों के लिए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 के नियम 6(2) एवं अन्य सुसंगत नियमो के आलोक में आवश्यक दस्तावेजों लायसेंस, ड्रायविंग का अनुभव, कम–से–कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची एवं क्वालिफाइड मैकेनिक (यदि हो तो) के प्रमाण सहित दिनांक 30 अप्रैल 2026 सांयः 05:30 बजे तक अथवा उसके पूर्व कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर धार के समक्ष डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर योग्यतानुसार एवं नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज सहित विहित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

आवेदक के लिए आयु सीमा 01 जनवरी 2026 की स्थिति में कम–से–कम 18 एवं अधिक से अधिक 35 वर्ष है। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 अनुसार अधिकतम आयु सीमा में अन्य छूटें भी आवेदकों को प्रदान की जावेगी।

उक्त पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में सार्वजनिक सूचना एवं एवं आवेदन पत्र के प्रारूप हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर धार में संपर्क कर सकते है। साथ ही उक्त विज्ञप्ति की सार्वजनिक सूचना एवं आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय धार की अधिकारिक वेवसाइट https://dhar.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार के नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

18/4/26

(प्रदीप सोनी)
न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–धार (म0प्र0)

अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार म.प्र.

बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक हेतु आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक ...../2026 धार दिनांक ..... (कार्यालयीन उपयोग हेतु)

1	अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)		एक रंगीन पासपोर्ट फोटो चिपकाए और उस पर अपने हस्ताक्षर भी करें।
	(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)		
2	पिता/पति का नाम		
3	जन्मतिथि (प्रमाण पत्र की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें)		
4	01.01.2026 को आयु	वर्ष ..... माह ..... दिवस	
5	लिंग (स्त्री/पुरूष)		
6	श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)		
7	शैक्षणिक योग्यता (कम से कम 10वीं कक्षा की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें।)		
8	रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें)		
9	स्थायी निवास का पता (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें)		
10	वर्तमान निवास का पता		
11	ड्रायविंग लायसेंस एवं अनुभव (यदि हो तो) (दस्तावेज की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें)		
12	क्वालिफाइड मैकेनिक अथवा अन्य समकक्ष योग्यता (प्रमाण की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें)		
13	पूर्व कार्य/सेवा अनुभव/विशेष योग्यता विवरण (यदि हो तो अनुभव प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)		
14	आधार संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें)		
15	पेन कार्ड संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें)		

नोटः—आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित ए.डी.आर. भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर धार में अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 तक कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

स्वघोषणा

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिए गये सारे विवरण/सूचनाऐं सत्य एवं सही है। यदि किसी भी समय कोई भी विवरण/सूचना असत्य या गलत पायी गई अथवा कोई भी तथ्य मेरे द्वारा छुपाया गया है तो मेरा अभ्यर्थन चयन प्रक्रिया से निरस्त कर दिया जाएगा।

स्थान :— .....

दिनांक :— .....

संलग्नकों का विवरण :

हस्ताक्षर :— .....

नाम :— .....

मोबाइल न. .....

ई—मेल आईडी :— .....